
शनिवार
22 जून 2024



पृष्ठ 4
सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी वरदान...



पृष्ठ 5
साड़ी में कयामत ढाती दिखीं अवनीत...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 139
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता। — चाणक्य

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# सहकारी समितियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी

## ❑कैबिनेट की बैठक में 12 फैसलों पर लगी मुहर

विशेष संवाददाता

देहरादून। लोकसभा चुनावों के बाद आज उत्तराखंड राज्य कैबिनेट की एक अहम बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें वित्त विभाग, पर्यटन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग व सहकारिता विभाग से जुड़े लगभग एक दर्जन मामलों पर विचार मंथन करते हुए मंजूरी की मोहर लगा दी गई।

बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगौली ने बताया कि बैठक में विद्युत सुरक्षा विभाग में 15 नए पदों की स्वीकृति प्रदान करने पर सहमति बनी है इन पदों की संख्या अब तक 65 थी जो अब 80 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सहकारिता विभाग की प्रबन्ध समिति में अब महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। वही देहरादून में खाद्य विश्लेषण शाला के लिए 13 पद स्वीकृत किए जाने पर भी कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है।

बगौली ने बताया कि उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण अधिनियम 2024 में राज्य में विभिन्न परिवहन क्षेत्र को अथॉरिटी में इंप्लीमेंट किया जाएगा। आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न प्राधिकरण श्रमिक विभाग की नियमावली ही इसमें लागू की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वित्त विभाग में अभी तक सभी क्रामिकों को पहले एक ही ट्रेनिंग दी जाती थी तथा प्रमोशन के लिए बाद में अलग-अलग ट्रेनिंग की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत सचिवालय और पीसीएस अधिकारियों की ट्रेनिंग होगी उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के 65 हजार क्रामिकों को 38 लाख से एक करोड़ तक की बीमा सुविधा दी जाएगी।

पर्यटन विभाग की नीतियों में परिवर्तन को मंजूरी देते हुए महासू देवता मास्टर प्लान में प्रभावितों के लिए पुनर्वास की नीति बना दी गई है जिनके पास अपनी जमीन है उन्हें 10 लाख रुपए आवास बनाने को और जिनके पास जमीन नहीं है आवासीय जमीन दी जाएगी। चिकित्सा विभाग में खाद्य पदार्थों के लिए 8 पद आउटसोर्स से भरे जाने को भी मंजूरी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव के कारण लागू आचार संहिता के कारण आज यह कैबिनेट बैठक तीन माह बाद हो सकी है।

# भण्डारी की धोखेबाजी का जनता वोट से देगी जवाबः हरीश रावत

विशेष संवाददाता

चमोली। राज्य की दो विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में अब आरोप-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो चुका है। बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम हरीश रावत और गणेश गोदयाल ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह भंडारी पर धोखेबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि इसका जवाब अब बदरीनाथ की जनता अपने वोट से देगी।



**❑जनता पूछे अगली बार किसके साथ जाएंगेः गणेश**
**❑विकास हो इसलिए गया भाजपा के साथः भंडारी**

गणेश गोदयाल ने कहा कि भंडारी ने कांग्रेस के साथ ही नहीं बद्रीनाथ की आम जनता के साथ भी बड़ा धोखा किया है। कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने व जीतने के बाद उन्होंने अपने निजी स्वार्थ के चलते भाजपा का पट्टा गले में पहन लिया। उन्होंने कहा कि अब बदरीनाथ की जनता को उनसे पूछना चाहिए कि नेता जी अभी कुछ दिन पहले हमने ही आपको अपना वोट देकर जीत दिलाई थी अब ऐसा क्या हुआ कि आप फिर वोट मांगने आ गए। उन्होंने कहा कि भंडारी ने जनता के साथ धोखा किया है और भंडारी ने तो जनता से वोट मांगने का नैतिक अधिकार ही खो दिया है। गणेश ने कहा कि जनता को पूछना चाहिए कि इस बार अगर आपको जीता दिया तो अगली बार किसके साथ जाएंगे।

उधर हरीश रावत ने ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## छापेमारी के दौरान जमीन कारोबारी के घर से मिले एक करोड़ रुपये

नई दिल्ली। जमीन घोटाले में जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का लगातार एक्शन जारी है। ईडी ने अब जमीन कारोबारी कमलेश के रांची स्थित कांके रोड पर चांदनी चौक स्थित एस्ट्रो ग्रीन फ्लैट से छापेमारी कर एक करोड़ रुपये और 100 कारतूस बरामद किए हैं। दरअसल, 12 जून को ईडी ने एक और जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और इंटेरोगेशन के दौरान कारोबारी ने स्वीकार किया है कि उसने कमलेश के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए कांके रोड पर कई जमीन यानी प्लॉट्स की खरीद फरोख्त की है। इसके बाद एजेंसी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। वहीं, एजेंसी का समन मिलने के बाद कमलेश फरार हो गया और पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हुआ। ईडी ने मामले में एक्शन लेते हुए उसके ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन जांच एजेंसी के वहां पहुंचने से पहले जमीन कारोबारी घर को बंद कर मौके से फरार हो गया।



# देश में एंटी पेपर लीक कानून लागू, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 लागू कर दिया है। ताकी भविष्य में पेपर लीक की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

केंद्र ने इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी है। लंबे समय से चर्चा चल रही थी कि सरकार इस नए और सख्त कानून को लागू कर देगी। अब उसी कड़ी में शुक्रवार देर रात ने सरकार ने अधिसूचना लागू कर दी है। तकनीकी भाषा में बोलें तो पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 के प्रावधान अब देश में लागू हो चुके हैं।

यह कानून तो इस साल फरवरी में




ही लागू हो गया था, अब उसकी अधिसूचना जारी कर अमलीजामा पहना दिया गया है।

इस कानून के तहत पेपर लीक के आरोपी को तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। समझने वाली बात यह है कि जो आरोपी इस पेपर लीक रैकेट के साथ सक्रिय रूप से जुड़े होंगे या फिर जो पुराने अपराधी होंगे, उन्हें इस कानून के तहत 10 साल तक की सजा दी जा सकती है। ऐसे संगठित आरोपियों पर एक करोड़ का भारी-भरकम जुर्माना तक ठोका जा सकता है। इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल की गई हैं। ऐसे में इन परीक्षाओं में अगर किसी भी तरह की धांधली की जाएगी तो सख्स से सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी।

इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर आरोपी की प्रॉपर्टी कुर्क की जा सकती है। जांच एजेंसी को यह ताकत दी गई है जिससे हर आरोपी के खिलाफ नकेल कसी जा सके।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नीट की लड़ाई, मुकाम तक आयी

लोकसभा चुनाव 2024 में युवाओं को विपक्ष की ओर आकर्षित करने वाले बेरोजगारी और पेपर लीक के जिस मुद्दे ने सत्ता पक्ष की चूलें हिला कर रख दी वह मुद्दा अभी देश की राजनीति पर हावी है। अभी सरकार गठन की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है कि नीट पेपर लीक मामले ने देश भर में तहलका मचा दिया। देश भर में इस मुद्दे को लेकर युवाओं में जिस तरह का आक्रोश देखा जा रहा है और नेता विपक्ष की भूमिका में आए राहुल गांधी इस परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों से सीधा संवाद कर उन्हें इस बात का भरोसा दिला रहे हैं कि वह इस मामले को संसद में उठाएंगे तथा छात्रों को न्याय दिलाने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे उससे सरकार स्वयं को संकट में फंसा हुआ महसूस कर रही है क्योंकि अब राहुल गांधी की आवाज को दबाने या अनसुना करने की ताकत सरकार के पास नहीं रही है। संसद में उनके किसी सवाल को न सुना जाए या उसका जवाब न दिया जाए या उनके भाषण से एक शब्द भी हटा दिया जाए ऐसा संभव नहीं है वह समय अब पीछे छूट चुका है। सरकार को विपक्ष की बात सुननी तो पड़ेगी ही साथ ही जवाब भी देना पड़ेगा। राहुल गांधी के तेवरों को देखकर सरकार को इस मुद्दे पर हाई पावर मीटिंग बुलानी पड़ी है। बीते 10 सालों में हर जवाबदेही से सरकार बचती रही है वैसा अब आगे नहीं चल सकता है। अगर कहीं कुछ गलत हुआ है तो क्यों हुआ है और उसके लिए कौन जिम्मेदार है तथा उस पर क्या कार्रवाई की गई सरकार को सब कुछ बताना होगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जिस तरह से इस मामले में एनजीटी को क्लीन चिट दे चुके हैं उससे उन्हें अब न्यायालय को इसका भी जवाब देना पड़ेगा जिसमें खुद एनजीटी द्वारा अपनी गलती को स्वीकार किया गया है तथा विपक्ष को भी सदन में बताना पड़ेगा कि उन्होंने किस आधार पर एनजीटी को क्लीन चिट दी गई। 10 साल में किसी मंत्री ने न तो किसी मामले में अपनी गलती स्वीकार की हो न ही उसे पद से हटाया गया हो ऐसे में अगर नई सरकार का पहला सत्र शुरू होने से पहले या सत्र के दौरान धर्मेंद्र प्रधान को हटाना पड़ता है तो यह बहुत बड़ी बात ही नहीं होगी अपितु बहुत अच्छी शुरुआत और बात होगी। खास बात यह है कि इस मामले में संघ भी सरकार के खिलाफ जाकर विपक्ष के साथ खड़ा हो गया है। संघ का साफ कहना है कि युवाओं के भविष्य के साथ होने वाले इस खिलवाड़ को किसी भी कीमत पर रोका जाना जरूरी है। नीट पेपर लीक मामला जो सुप्रीम कोर्ट से लेकर सीबीआई जांच और सड़क से लेकर संसद तक छा चुका है उस मुद्दे को अब भाजपा के प्रवक्ता तो यह कहकर दबा सकते हैं कि कांग्रेस के कार्यकाल में तो ऐसा होता रहा है और न यह कहकर सरकार का कोई बचाव कर पा रहे हैं कि कांग्रेस देश के युवाओं को बरगला रही है या बहका रही है। उनका कोई भी हथकंडा अब काम आने वाला नहीं है। नीट जैसी परीक्षा के तार अगर कॉर्पोरेट से जुड़े हैं, जहां प्रवेश के नाम पर एक-एक छात्र से करोड़ों का धंधा हो रहा है और देश के गरीब और प्रतिभाशाली छात्रों का भविष्य चौपट किया जा रहा है तो कोई मामूली समस्या नहीं है पेपर लीक का मुद्दा एक राष्ट्रीय समस्या बन चुका है लेकिन अब इसके स्थाई समाधान का समय आ चुका है। कांग्रेस जिसने इसे चुनाव में सबसे प्रभावी ढंग से उठाया अब अगर वह उतने ही प्रभावी ढंग से इसे समाधान तक ले जा पाती है तो यह देश के युवाओं के लिए बहुत बड़ा तोहफा होगा।

# मुनस्यारी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक 23 को

संवाददाता

मुनस्यारी। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुनस्यारी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक 23 को आयोजित की गयी।

आज यहां जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि मुनस्यारी के सभी सम्मानित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा संवेदनशील नागरिकों तथा विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों, के साथ व्यापार संघ से मुनस्यारी के संवेदनशील मुद्दों को लेकर 23 जून को बैठक प्रस्तावित की गई है। इस बैठक में 'मुनस्यारी बचाओ संघर्ष समिति' का गठन भी किया जाएगा। बैठक में प्रस्तावित बिंदु में 40 वर्षों के भीतर मुनस्यारी विकासखंड में बाहरी लोगों ( मुनस्यारी विकासखंड के मूल निवासियों को छोड़कर ) के द्वारा नियम विरुद्ध खरीद गई भूमि के संदर्भ में बातचीत तथा शासन, सरकार तथा प्रशासन की उपेक्षा के खिलाफ बातचीत। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य ज्वलंत मुद्दे पर बातचीत के साथ ही संघर्ष समिति का कार्यक्षेत्र विकास खंड किए जाने पर चर्चा की जायेगी।

यस्य त्यन्महित्वं वाताप्यमयं जनः।
विप्र आ वंसद्धीतिभिश्चिकेत सुष्टुतीनाम्।।
(ऋग्वेद १०-२६-२)

प्रभु की महिमा पांच महाभूतों द्वारा प्रकट होती है। मेधावी मनुष्य जितना जितना चिंतन करता है उतना उतना प्रभु की महिमा को देख और समझ पाता है। मनुष्य महाभूतों में से जल और वायु को विशेष रूप से जानता है।

# छात्र संगठनों ने फूंका केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान का पुतला

संवाददाता

देहरादून। नीट पेपर लीक मामले में छात्र संगठनों ने हिमालयन स्टूडेंट फेडरेशन के नेतृत्व में डीएवी कालेज गेट पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंका।



आज यहां अलग अलग छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने हिमालयन स्टूडेंट फेडरेशन के नेतृत्व में डीएवी कॉलेज देहरादून के मुख्य द्वार पर एनटीए द्वारा आयोजित की गई नीट यूजी और नेट परीक्षा में हुई बड़े स्तर पर गड़बड़ी के विरोध में एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। हिमालयन स्टूडेंट फेडरेशन से जुड़े छात्रों ने एनटीए एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों रुपये में प्रश्न पत्र बेचे गए और परीक्षा से पूर्व इंटरनेट पर प्रश्नपत्र बांटा जा चुका था। इसके बावजूद एनटीए ने इस पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की और परीक्षाएं आयोजित करा दी।

परिणामत: लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। हिमालयन स्टूडेंट फेडरेशन से जुड़े छात्र नेता विशाल चौहान ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ध मेंद्र प्रधान को अभ्यर्थियों से माफी मांगते हुए तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। छात्र नेता आयुष ध्यानी ने कहा जब नेट की परीक्षा रातों रात निरस्त की जा सकती है तो नीट परीक्षा क्यों नही। उन्होंने नीट परीक्षा भी निरस्त करने की मांग की। इस मौके पर हिमालयन स्टूडेंट फेडरेशन से जुड़े छात्र बिट्टू वर्मा, रमेश नेगी, सरिता बिष्ट, पंकज त्यागी, शीतल चौहान,आशीष रावत इत्यादि मौजूद रहे।

# उपचुनाव में सपा करेगी कांग्रेस प्रत्याशियों का समर्थन

संवाददाता

देहरादून। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा. सत्यनारायण सचान ने कहा कि उपचुनावों बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी कांग्रेस प्रत्याशियों का समर्थन करेंगी।

आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सचान ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड में 10 जुलाई को होने वाले दो उपचुनावों बद्रीनाथ व मंगलौर विध ानसभाओं में समाजवादी पार्टी कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन करेंगी।

पार्टी का मत है कि उत्तराखण्ड में बीजेपी की सरकार बाहरी और भीतरी, यूसीसी ऐसे मुद्दों को लगातार बढावा दे रही है और बेरोजगारी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों पर मौन है। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्म दिन है। उत्तराखण्ड के प्रत्येक विधान सभा स्तर पर जन्म दिन को पीडीए स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

# नीट परीक्षा लीक मामले में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। नीट परीक्षा लीक होने के मामले में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। आज यहां युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष मोहित मेहता के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के आंकडों से विदित होत है कि विगत वर्ष जो नीट की परीक्षा आयोजित की गयी थी उसमें लगभग सवा करोड परीक्षार्थियो द्वारा प्रतिभाग किया गया था तथा भारत की सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों में परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागियों द्वारा प्रवेश प्राप्त किया। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी प्रथम बार इन परीक्षाओं में प्रतिभाग कर रहे होंगे उनके लिए यह अमूल्य अनुभव व अवसर है परन्तु जब प्रतिभागियों को यह जानकारी प्राप्त होती है जिन परीक्षाओं के लिए वे रात दिन मेहनत कर रहे हैं और उनके माता पिता अपने खून पसीने की कमाई उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित कर रहे हैं वे प्रतिभागी परीक्षाये भ्रष्टाचार की भेंट चढ चुकी है कुछ चुनिंदा लोगों द्वारा पैसों के लालच में परीक्षा का पेपर लीक कर शिक्षा माफियाओं के हाथों में सौंप दिया जाता है तो उनके सपने, आत्मविश्वास तथा मनोबल टूट जाता है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि पेपर लीक की सक्षम एजेंसी से जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये।



# ऑनलाइन क्लास के नाम पर ठगे पौने नौ लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। ऑनलाइन क्लास के नाम पर पौने नौ लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यनगर निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको 15 अप्रैल 2024 को फेसबुक पर एक लिंक मिला जिसमे 300 प्रतिशत लाभ कि बात बताई गयी। लिंक में क्लीक करने के बाद एक लड़की का मैसेज आया जो अपने आप को कम्पनी का कर्मचारी बताया जिसका नाम ज्योति बताया गया। उनके द्वारा ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने का लिंक भेजा। क्लास कराने वाला अपना नाम आनंद सिंह बताता है जिसने अपने आप को कम्पनी का मालिक बताया तथा जिसने अपने कर्मचारियों के वेबसाइट में ट्रेडिंग खाता खुलवाया। और उसमे पैसे जामा करने के लिए बोला। 21 मई 2024 को उसने अपने पत्नी के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खाता बीस हजार रूपये उसके कहने पर जामा कराया। 22 मई 2024 को 101 रूपये का निकासी किया जो सफलता पूर्वक हो गयी जिससे उसको इन पर विश्वास हो गया और उन्होंने और पैसे जामा करने के कहा और इसी खाता में सत्तर हजार रूपये जमा करवाया गया उसने दूसरा खाता संख्या दिया और उसमे पैसे जामा करने के लिए बोला 26 मई 2024 उसने अपनी पत्नी के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खाते दो लाख रूपये उसके कहने पर जामा कराया उसने तीसरा खाता संख्या दिया और उसमे पैसे जामा करने के लिए बोला 27 मई 2024 उसने अपने पत्नी के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खाते से पांच लाख रूपये उसके कहने पर जामा कराया उसने तीसरा खाता संख्या दिया और उसमे पैसे जामा करने के लिए बोला 03 जून 2024 को उसने अपने पत्नी के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खाते से तीन लाख रूपये उसके कहने पर जामा कराया इस तरह उससे कुल दस लाख नब्बे हजार जामा कराया गया 05 जून 2024 को उसने दो लाख का निकासी किया जो सफलता से हो गया लेकिन उसके बाद निकासी होना बंद हो गया और सारे पैसे निकालने के लिए दो लाख रूपये का जमा करने के लिए बोला गाया जिसके उसको इनके उपर शक हुआ कि वे लोग मेरे साथ धोखा कर रहे है। उसके साथ आठ लाख नवासी हजार रूपये ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## स्वस्थ मन व अनुशासन के लिए योग की आवश्यकता हैः उनियाल

संवाददाता

देहरादून। वन व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि स्वस्थ मन एवं अनुशासन के लिए योग की आवश्यकता है।

आज यहां दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त राज्य एवं जनपद देहरादून में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम 'योग स्वयम् तथा समाज के लिए है' योग जहां स्वयं को मानसिक शारिरिक तथा आत्मिक रूप से बल देता है वहीं समाज को एकत्व के भाव का बोध कराता है। जनपद में आयुष विभाग द्वारा बहुउद्देशीय भवन परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम का मंत्री वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा और निवार्चन, प्रभारी मंत्री देहरादून सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे देश में वर्षो-वर्षो से हमारे ऋषि, मुनियों, संस्कृति ने योग को अपनाया। आज सम्पूर्ण विश्व योग को स्वीकार कर रहा है जो कहीं न कहीं भारत एवं भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता को दर्शाता है। आज सैकड़ों देश योग को मना रहे हैं तथा अपने मन मस्तिष्क एवं शरीर स्वस्थ करने के लिए योग को अपना रहे है। यह एक संदेश है कि दुनिया के भीतर स्वास्थ्य जागरूता बढी है तथा योग के महत्व को समझा है, योग ने न केवल स्वस्थ रखने का काम किया बल्कि योग से भारतीय युवक, युवतियों को देश-विदेश में रोजगार के अवसर भी मिल रहे है। उन्होंने कहा कि नवयुवक, नवयुवतियां जो जीवन की शुरूआत कर रहे हैं, उनको स्वस्थ मन एवं अनुशासन के लिए योग की आवश्यकता है ताकि स्वस्थ जीवन एवं मस्तिष्क के साथ आगे बढें तथा राज्य एवं देश का नाम ऊंचा करें। उन्होंने कहा जंहा योग से शरीर व मन और मस्तिष्क स्वस्थ्य तो रहते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक खजानदास एवं निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने उपस्थित गणमान्य, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को योग दिवस की शुभकामना दी। कार्यक्रम के अंत में अपर सचिव आयुष विजय कुमार जोगदांडे ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु मंत्री, विधायक प्रतिभागियों का अभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक खजान दास, निर्वतमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अपर सचिव आयुष विजय कुमार जोगदांडे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, संयुक्त निदेशक आयुष आर.के सिह, उप निदेशक आयुष सविता उनियाल, डॉ जे.एन नौटियाल, डा अश्वनी काम्बोज, डॉ मीरा रावत, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी गिरीश जंगपांगी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने आपदा ग्रसित क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने आपदा ग्रसित स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां विधानसभा अध्यक्ष व कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने पिछले वर्षा ऋतु के दौरान आपदा से ग्रसित स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। गत वर्ष के त्रासदी से सबक लेकर इस वर्ष की तैयारी कई महीने पहले से शुरू कर दी है ऋतु खण्डूडी भूषण ने। मालन और सुखरों नदी पर हो रहे चौनेलाइजिंग कार्य का निरीक्षण कर विभाग को कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया पिछली वर्षा में भारी बारिश होने के कारण कोटद्वार में कई जगह नुकसान हुआ है। लोगों के घर जमीन इत्यादि बह गए थे, जिनकी सुरक्षा हेतु कई जगह सुरक्षा दीवार बनने का कार्य गतिमान है। अभी भी कई जगह कार्य पूर्ण ना होने के कारण वहां पर नदी को चौनलाइज करना बहुत जरूरी है। उन्होंने मालन व सुखरो नदी में पोकलैंड, जेसीबी आदि मशीन की संख्या बढ़ा कर कार्य में तेजी लाने के लिए विभाग को निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मावाकोट से कण्वाश्रम तक बन रही इंटर लॉकिंग रोड का भी निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द कार्य समाप्त करने के आदेश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि सुरक्षा कार्य तय समय से पहले ही पूर्ण किए जाए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार में किया योग

संवाददाता



कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार में स्थित मालवीय उद्यान में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया।

आज यहां विधानसभा अध्यक्ष व विधायक कोटद्वार ऋतु खण्डूडी भूषण ने इस वर्ष अपने कोटद्वार विधानसभा वासियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवीय उद्यान कोटद्वार में भारत स्वाभिमान न्यास कोटद्वार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। ऋतु खण्डूडी भूषण ने सभी को संबोधित करते हुए बताया की योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है। क्योंकि इसका संबंध मनुष्य के शरीर और मन को स्वस्थ रखने से संबंधित है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों द्वारा योग किया जाता रहा है। खण्डूडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने योग गुरु बाबा रामदेव को भी बधाई दी की उनकी इच्छा शक्ति से आज पूरे विश्व में योग का फिर से प्रचार-प्रसार हुआ है।

उन्होंने कोटद्वार एवं प्रदेश में संचालित सभी योग शिक्षा केंद्र को बधाई देते हुए कहा की आपके माध्यम से लोगों को एक नई ऊर्जा मिलती है साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने कैम्प कार्यालय पीडब्ल्यूडी में महिला मोर्चा भाजपा कोटद्वार द्वारा आयोजित योग शिविर में भी पहुंचकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गौ सेवा आयोग राजेंद्र अंथवाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य भगवती प्रसाद जुयाल, जिला प्रभारी दिनेश चंद्र, योग शिक्षक ममता भंडारी, नगर अध्यक्ष भाजपा पंकज भाटिया, सुनीता कोटनाला, हरी सिंह पुंडीर, सिमरन बिष्ट, नीरू बाला खंतवाल, रामेश्वरी देवी, नीना बेंजवाल, विजय लखेड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी

हमारे संवाददाता




हरिद्वार। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में चौ. भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज, झबरेड़ा में दिनांक 13 जून 2024 से संचालित इंटर बटालियन प्रतिस्पर्धा कैम्प के आठवें दिन फायर स्टेशन सेकंड ऑफिसर सुंदर पाल, इंचार्ज, फायर स्टेशन, रुड़की एवं उनकी टीम द्वारा आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया। सुंदर पाल सिंह ने बताया की एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन मे भी प्रशिक्षित होना चाहिए ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर खुद की व अपने समाज की रक्षा कर सके।

उन्होने कहा कि आपदा प्रबंधन की जानकारी प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए क्योंकि आपदा कहीं भी एवं किसी भी समय आ सकती है, ऐसे में प्रशिक्षित व्यक्ति न केवल स्वयं की अपितु अपने आसपास के प्रभावित व्यक्तियों की भी जान की रक्षा कर सकता है। इसके अलावा आपदा प्रभावित जन समुदाय के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से कैडेट्स को अवगत कराया गया एवं कैडेट्स ने भी आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

लीडिंग फायर मैन अतर सिंह द्वारा कैडेट्स को वृक्षो की महत्ता के बारे में बताया गया अव यह भी समझाया गया कि अगला विश्व युद्ध जल के लिए होगा इसलिए जल का मूल्य समझना हम सबके लिए कितना आवश्यक है।

# मानसिक सशक्तिकरण के लिए जीवन में योग को अपनाएंः रेखा आर्या

संवाददाता



देहरादून। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योग किया।

आज विश्व योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योग के विभिन्न आसन किए। बताया कि इस वर्ष योग की थीम है 'स्वयं और समाज के लिए योग'। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक उन्नति, शारीरिक व मानसिक सशक्तिकरण एवं ऊर्जावान व स्वस्थ भारत,स्वस्थ्य शरीर के निर्माण हेतु योग को जीवन में अपनाएं, साथ ही इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु संकल्पित हों।

कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि अब योग विश्व भर में फैल कर लोगों को निरोग बना रहा है। ऐसे में हम सभी भारतीय भी अपने निज स्वास्थ्य के लिए जागरूक बनें और जीवन मे योग को अपनाएं। साथ ही कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है इसे देश विदेशों में ख्याति देने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। योग जहां हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने का काम करता है तो वहीं इससे हमारा मन भी स्वस्थ्य रहता है।योग विश्व को जोड़ने का काम कर रहा है। स्वयं को अगर एकाग्र और मानसिक शांति देनी है तो जीवन मे योग को अपनाएं। वहीं उन्होंने सभी से कहा कि योग को सिर्फ एक दिन के लिए ना करते हुए बल्कि इसे प्रत्येक दिवस पर करना चाहिए। वहीं उन्होंने योग दिवस पर अपने शासकीय आवास पर अपने तीनो बच्चो के साथ योग के आसन किए। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा,निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर,निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग प्रशांत आर्य,अनुसचिव अजय अग्रवाल सहित समस्त विभागीय अधिकारी और आंगनबाड़ी बहने उपस्थित रहे।

# परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे

अग्निपथ योजना रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने शुरू किया था। ओआरओपी योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इस समस्या का हल क्या है?

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं। सूत्रों के हवाले से ये खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं। अब इस खबर के जरिए बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है। सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-70 प्रतिशत कर दी जाए। अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर 7-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है। साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है।

प्रश्न है कि क्या ये सुझाव सरकार मानेगी? अग्निपथ योजना के बारे में आम समझ है कि रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने इसे शुरू किया था। वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। पिछले साल यह खर्च सैनिकों को दिए जाने वाले वेतन से भी ज्यादा हो गया। इस तरह रक्षा बजट का और भी ज्यादा हिस्सा अब वेतन, भत्तों, पेंशन और नियमित संचालन मद पर खर्च होने लगा है। नतीजतन, पूंजीगत निवेश के लिए बहुत कम रकम बचती है। भारत सरकार की राजकोषीय स्थिति ऐसी नहीं है कि वह समग्र रक्षा बजट में बहुत बड़ी बढ़ोतरी कर सके। तो अग्निपथ स्कीम लाया गया। इस योजना की वाजिब आलोचनाएं मौजूद हैं। मगर समाधान क्या है? अब ओआरओपी तो वापस नहीं लिया जा सकता। ऐसे में अग्निपथ योजना में कुछ दिखावटी बदलाव कर आलोचनाओं की धार कम करने की कोशिश करना ही एकमात्र विकल्प बचता है। लेकिन ऐसे परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे। उनसे खड़ी हुई बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी।(आरएनएस)

# पुलिस की इंट्री आश्चर्य

राजधानी दिल्ली में पानी संकट के बीच पुलिस की इंट्री आश्चर्य पैदा करती है। अब पानी को माफिया से बचाने के लिए पुलिस को ज्यादा चौकस रहना होगा। पानी माफियाओं के बढ़ते दखल के बाद अब कम-से-कम पुलिस को ज्यादा मेहनत करनी होगी।

इस बाबत पुलिस फोर्स ने चौकियां स्थापित की हैं और दिल्ली को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के हरियाणा की सीमा पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। दरअसल, राजधानी इस सीजन में पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहा है। गर्मी की शुरुआत से ही यहां पानी की भारी किल्लत होने लगी थी, मगर न तो दिल्ली की सरकार ने और न केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। जब तपिश अपने चरम पर पहुंची और जल के लिए त्राहिमाम हुआ तब इधर-उधर से पानी मांगे जाने का प्रपंच शुरू हुआ।

वैसे, यह सिर्फ इस सीजन की बात नहीं है। हर साल पानी को लेकर दिल्ली की दुश्वारियां चरम पर रहती है। इस बार ज्यादा गर्मी की वजह से मामला चर्चा में आया। बहरहाल, भले टैंकर माफिया पर नकेल कसने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई हो, मगर जो हालात पानी को लेकर दिल्ली की दिखती है उसमें खाकी की भूमिका बहुत ज्यादा नहीं है। उसकी वजह बहुत साफ है। एक तो दिल्ली का अपना पानी का कोई सिस्टम नहीं है। पानी का ज्यादातर हिस्सा यमुना नदी का है। कुछ बोरवेल दिल्ली सरकार ने लगवाए हैं। मगर ये सब कार्य पानी की अभी की स्थिति के सामने बहुत छोटी है। यही वजह है कि पानी के लिए कभी हरियाणा तो कभी उत्तर प्रदेश तो कभी हिमाचल प्रदेश के आगे चिरौरी करनी पड़ती है। अगर दिल्ली को पानी के संकट से निजात पाना है तो उसे सबसे पहले पानी के पूर्व के स्रोतों पर काम करना होगा। इसके अलावा पानी माफिया पर कड़ा रुख दिखाना होगा। पानी की चोरी और उसके बेवजह बह कर बर्बाद होने पर भी नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे प्रयास के दम पर ही हम दिल्ली को इस समस्या से उबार सकते हैं। अदालत की चौखट तक जाने से पहले हमें उन पारंपरिक जल स्रोतों पर गंभीरतापूर्वक काम करना होगा। हिमाचल या हरियाणा से पानी मंगाने का चलन अब बंद होना चाहिए। दिल्ली की जनता को भी इस मामले में ईमानदार और सजग रहने की जरूरत है क्योंकि अंततः भोगना उन्हीं को पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या बड़ी तो है, मगर उतनी बड़ी नहीं कि उसका निदान न हो।(आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी वरदान है केला



जैसा कि हम सभी जानते हैं केला एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। इसमें विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। यह सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक माना गया है। इसका इस्तेमाल कर लोग अपने चेहरे की सुंदरता को बढ़ा सकते हैं और पिंपल्स दाग धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं।

त्वचा के लिए केले के फायदे

केले में पोटेशियम होता है, जो त्वचा को मॉइस्चराइज करने में काफी मदद करता है। यह मुंहासों से लड़ने की ताकत रखता है और त्वचा को चमकदार बनाने में काफी मदद करता है। यही नहीं केला झुर्रियों को कम करता है और चेहरे को हमेशा जवान रखता है। गर्मी के दिनों में सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में भी केला काफी मदद करता है। जिन लोगों को डार्क सर्कल्स की समस्या है, वह केले का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह डार्क सर्कल्स को कम कर सकता है। त्वचा के साथ-साथ केला बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। इसका इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बना सकते हैं।

केले का इस्तेमाल

आप केले का इस्तेमाल कर फेस पैक बना सकते हैं इसके लिए आपको एक केले को पीस लेना होगा, उसमें दही को मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लेना होगा। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट तक लगा रहने दे, इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। केला और दही दोनों आपकी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करेगा। इसके अलावा आप पीसे हुए केले में एक चम्मच हल्दी और एक चम्मच नीम का पाउडर मिला लें। इसको अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को 15 से 20 मिनट तक अपने चेहरे पर लगाएं, फिर साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से पिंपल से जुड़ी सभी परेशानियां दूर होगी। इस फेस पैक का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है। ऐसा होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

सेहत के लिए केले के फायदे

केला पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है और कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। केले में पोटेशियम भरपूर होता है, जो रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और हृदय संबंधित समस्या से राहत दिलाता है। केला मांसपेशियों की ऐंठन को रोकने में काफी मदद करता है। यही नहीं केला हड्डियों को मजबूत बनाने में भी काफी कारगर माना गया है। यह ऊर्जा का स्तर बढ़ाने में भी काफी उपयोगी माना गया है।

# जूनियर एनटीआर की देवरा को मिली नई रिलीज तारीख

जूनियर एनटीआर अभिनीत देवरा साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। देवरा समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

देवरा फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। देवरा 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। देवरा तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

देवरा जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आरआरआर की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। देवरा जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे।

## शब्द सामर्थ्य -118


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |



# मंत्री अग्रवाल ने अपने शासकीय आवास पर किया योग

संवाददाता

देहरादून। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने अपनी शासकीय आवास पर योग किया। आज यहां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंत्री प्रेमचंद डॉ अग्रवाल ने अपने शासकीय आवास पर योग किया।

इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। योग दिवस के अवसर पर योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिये गर्व की बात है। प्रधानमंत्री के सार्थक प्रयासों से आज योग जन जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे ऐतिहासिक कार्यकाल में इस वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्वयं एवं समाज के लिए योग सूत्र के साथ किया जा रहा है।



# भारतीय योग संस्थान ने गांधी पार्क में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

संवाददाता

देहरादून। भारतीय योग संस्थान द्वारा गांधी पार्क में 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया।

आज यहां भारतीय योग संस्थान द्वारा गांधी पार्क में १०वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें देहरादून ईकाई के दूरस्थ क्षेत्रों के विभिन्न केन्द्रों से जिसमें गुरुद्वारा नेहरु कॉलोनी, प्रगति विहार,ठाठ नानकसर गुरुद्वारा, सागर गिरि आश्रम, आर्यसमाज मन्दिर धामावाला,पीर की माढ़ी खुडबुड़ा केन्द्र, लक्ष्मण चौक केन्द्र, राजेन्द्र नगर,पथरिया पीर, विजय कॉलोनी केन्द्र तथा इंजीनियरिंग एन्क्लेव से बड़ी संख्या साधक साधिकाओं ने भाग लिया। पश्चिमी जिला प्रधान सुधीर वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

दीप प्रज्वलन में योगेश अग्रवाल, रमेश शर्मा, श्रीमती गीता वर्मा, श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती मिथिलेश वर्मा, श्रीमती रेखा घिल्डियाल उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के उपरान्त योगाभ्यास प्रारम्भ हुआ जिसमें आसन, प्राणायाम व ध्यान करवाया गया। अन्त में जिला प्रधान सुधीर वर्मा द्वारा नियमित साधना के साथ योग के विभिन्न विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

डॉ सुधा गुप्ता ने बहुत अच्छे प्रभावशाली अन्दाज में मंच संचालन किया कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा लगभग 150 साधकों ने भाग लिया। दूर दराज केन्द्रों से उपस्थित हुए साधकगणों का शिक्षकों कार्यकर्ताओं व अधिकारियों का बहुत बहुत धन्यवाद और अन्नत शुभकामनाएं।

# साड़ी में कयामत ढाती दिखीं अवनीत कौर



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया हेंडल पर पोस्ट करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड और हॉट लुक से फैंस को इस कदर कायल किया हुआ है कि लोग उनकी तस्वीरों पर से अपनी नजरें नहीं हटा पाते हैं।

एक्ट्रेस हर बार इंडियन और वेस्टर्न लुक में अपनी फोटोज शेयर कर के अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

अवनीत कौर का फैशन स्टेटमेंट हमेशा से ही ऑन प्वॉइंट रहता है। उनका हर एक स्टाइल फैंस काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

हाल ही में हुए फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर पिंक कलर की बेहद ही सिंपल साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिवीलिंग ब्लाउज भी कैरी किया हुआ है।

कानों में झुमकें, खुले बाल और सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

इन तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लुकिंग गॉर्जियस, फिर दूसरे यूजर ने लिखा सो हॉट एंड ग्लैमरस। वहीं तीसरे यूजर ने हार्ट इमोजी भेजते हुए कॉमेंट ब्यूटिफुल कॉमेंट किया है।

# प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज, दिखी भविष्य की खतरनाक दुनिया

प्रभास अपनी फिल्मों की वजह से हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। उनकी एक्टिंग दमदार है और एक्शन से हर बार फैंस को इंप्रेस कर देते हैं। प्रभास का जब से कल्कि 2898 एडी से लुक सामने आया था तब से फैंस इंप्रेस हुए हैं। अब आखिरकार फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जिसके लिए फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। कल्कि 2898 एडी साल 2०24 की मोस्ट अवेटिड फिल्मों में से एक है। ये 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।



कल्कि 2898 एडी की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्टार कास्ट है। फिल्म में साउथ के साथ बॉलीवुड के भी बड़े स्टार नजर आने वाले हैं। इसी वजह से फिल्म को लेकर बहुत चर्चा है। फिल्म में जहां साउथ से प्रभास और कमल हासन नजर आएंगे वहीं बॉलीवुड के स्टार अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण नजर आएंगे।रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म में महाभारत का मॉर्डन वर्जन दिखाया जाएगा।

फिल्म की बात करें तो कल्कि 2898 एडी को नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को राणा दग्गुबाती ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में दिशा पाटनी भी नजर आएंगी।ट्रेलर से पहले तक दिशा पाटनी का लुक रिवील नहीं किया गया था। अब ट्रेलर के साथ ही दिशा का लुक दिखाया गया है। दिशा का लुक फिल्म में काफी दमदार है।

# ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल सीजन 5 का एकता कपूर ने किया ऐलान, चौथा सीजन सिद्धार्थ शुक्ला को किया डेडिकेट

पॉपुलर प्रोड्यूसर-डायरेक्टर एकता कपूर ने हाल ही में अपना 49वां बर्थडे मनाया है। बर्थडे के ठीक अगले दिन उन्होंने अपनी स्कसेसफुल वेब सीरीज ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल के चौथे सीजन की अनाउंसमेंट कर दी है। एकता कपूर ने पिछले तीन सीजन की झलक दिखाई है और तीसरे सीजन के लीड एक्टर दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला को भी याद किया है। चौथा सीजन हटाकर सीधे पांचवे सीजन की अनाउंसमेंट हुई है।

एकता कपूर ने ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल को क्रिएट किया और इसमें उनका साथ कई डायरेक्टर्स ने दिया। एकता की कायमाब सीरीज में से एक ये भी है जिसके पिछले तीन सीजन काफी पसंद किए गए। चौथा सीजन नहीं आएगा, सीधे पांचवे सीजन की अनाउंसमेंट हुई, एकता ने इसका कारण भी बताया।

एकता कपूर ने तीन सीजन की झलक दिखाते हुए बताया है कि अब चौथा सीजन भी जरूर आएगा। एकता ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ये पोस्ट करना पड़ा, देर आए दुरुस्त आए। मेरे इस साल की शुरुआत प्यार के साथ और एक प्रेम कहानी से होगी। जैसा कि मैं एक दूसरी कहानी लिख रही हूं तो मैंने सोचा चौथा सीजन क्यों नहीं। सिद्धार्थ शुक्ला के जाने के बाद उनकी याद में मैंने आगे के सीजन पर काम करना बंद किया लेकिन फिर सोचा कुछ प्रेम कहानियां कभी खत्म नहीं होती। अब एक और सीजन में एक नई प्रेम कहानी लिख रही हूं।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल के पहले सीजन की झलक दिखाई गई जिसमें विक्रांत मैसी और हरलीन सेठी लीड रोल में नजर आए। इसके बाद सीजन 2 में भी विक्रांत और हरलीन ही रहे। इसके बाद सीजन 3 में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी लीड रोल में नजर आए। सीजन के अंत में विक्रांत और हरलीन का कैमियो दिखाया गया। अगर आपको इसके पिछले तीन सीजन देखने हैं तो जियो सिनेमा, एमएक्स प्लेयर और ऑल्ट टाइम बालाजी एप्लीकेशन पर देख सकते हैं।

जब ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 खत्म होता है तो सिद्धार्थ के साथ एक दूसरी लव स्टोरी के साथ दिखाते हैं। तभी इसका सीजन 4 अनाउंस हो गया था। सीजन 4 की कहानी भी सिद्धार्थ को ध्यान में रखकर बनाई गई थी लेकिन 2०21 में सिद्धार्थ का निधन हो गया और उसपर काम करना बंद कर दिया गया। वीडियो में एकता कपूर ने कहा है कि सीजन 4 सिद्धार्थ को समर्पित रहेगा और अब पांचवे सीजन की कहानी लिखी जा रही है।

# शिक्षा और कौशल विकास

सतीश सिंह

मौजूदा समय में शिक्षा और कौशल विकास के बीच तालमेल नहीं दिख रहा है। शिक्षा के माध्यम से कौशल का विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है।

हमारे अकादमिक कल-कारखानों से लाखों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए आदि की भारी-भरकम डिग्रियां लेकर युवा निकल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कौशलयुक्त एवं ज्ञानवान नहीं हैं। ऐसे लोग किसी भी कार्य को कुशलतापूर्वक अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते, लेकिन होनहार के लिए रोजगार की कमी नहीं है।

तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले, भले ही डिग्री एवं अंग्रेजी के मामले में पीछे होते हैं, लेकिन वे हर किस्म की मुश्किलों को आसानी से सुलझा सकते हैं क्योंकि किसी कार्य को करने के लिए डिग्री से ज्यादा कौशल की जरूरत होती है। कौशल को विकसित करके युवा बिना किसी डिग्री के भी हर कार्य कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। हमारे देश के स्कूल और कॉलेज के अध्यापकों का मानना है कि जो बच्चा लगातार हर परीक्षा में अव्वल आ रहा है, उसी को सिर्फ होनहार माना जा सकता है, जो छात्र इस कसौटी पर खरा नहीं उतर पाते हैं, उन्हें कमअक्ल माना जाता है।

इसमें दो मत नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेजों में प्राप्त अच्छे अंक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं किंतु इसका मतलब कदापि नहीं है कि हम इसे मेधावी होने या न होने का प्रमाण मानें। किसी विषय में कम या ज्यादा अंक प्राप्त करने से किसी भी छात्र को मेघावी या कमअक्ल नहीं माना जा सकता। हर विषय में हर छात्र की रु चि का होना जरूरी नहीं है। महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की रुचि केवल भौतिक विज्ञान में थी। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। लता मंगेशकर की भी गणित या विज्ञान में रु चि नहीं थी। सचिन तेंदुलकर या महेंद्र सिंह धोनी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, लेकिन वे अपने क्षेत्र में महान हैं।

दरअसल, यहां फंडा 'जब जागा तभी सवेरा' वाला है। जिन छात्रों के अंदर जीवन में सफलता हासिल करने की जिजीविषा जागृत हो जाती है वे हर कक्षा में तृतीय या द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बावजूद आईएएस की परीक्षा में शीर्ष २० या ५० में स्थान बनाने में सफल हो जाते हैं। बारहवीं फेल फिल्म में एक ऐसे ही युवा की कहानी फिल्माई गई है। फिल्म 'थ्री इडियट' में दिखाए गए दर्शन को भी हम नकार नहीं सकते। जरूरी नहीं कि हर बच्चा इंजीनियर या डॉक्टर बने।

दुनिया में करने के लिए इतने सारे क्षेत्र हैं कि आप किसी बच्चे को कमतर नहीं मान सकते। बस आपके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि आप किसे होनहार मानते हैं। भारत में जो बच्चे कॉलेज तक लगातार अच्छे अंक लाकर नौकरी के लिए आवेदन करने लायक अर्हता अंक प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, उन्हें ही जहीन माना जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने २०13 में पहली बार प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक किया था, जिसमें 1००4 अभ्यर्थी सफल हुए थे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी ने समग्र रूप 53 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जबकि अंतिम पायदान पर सफल रहने वाले अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा में ३० प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पूर्व में धारणा थी कि यूपीएससी की परीक्षा में 75 से ८० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही सफल होते हैं।

मामला यूपीएससी तक सीमित रहे तो बात समझ में आए। हालात तो इतने बदतर हैं कि बैंक या अन्य निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कर्मचारियों की भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी १०० तो छोड़िए ६० प्रतिशत अंक भी स्कोर नहीं कर पाते हैं। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल,आईटीआई एवं अन्य रोजगारपरक शिक्षा की शुरु आत जरूर की गई है, लेकिन इन पाठ्यक्रमों की सार्थकता नाममात्र की है, क्योंकि यहां से पढ़कर बाहर निकलने के बाद भी अधिकांश युवा कौशलहीन होते हैं, जबकि हुनरमंद युवा देश के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने में आगे रहते हैं। हुनरमंद बेरोजगार नहीं रहता।

आसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर लेता है। बढ़ई, लोहार, प्लंबर, बिजली मिस्त्री, राज मिस्त्री, वाहन की मरम्मत करने वाले कारीगर आदि कभी भूखे नहीं मरते। सरकार को कर भी देते हैं, और देश के अर्थ चक्र को गतिमान भी रखते हैं। अस्तु, आज सरकार को डिग्री बांटने की जगह युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर देना चाहिए और योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि सभी के ज्ञान का स्तर एक समान नहीं होता पर निरंतर मेहनत सभी कर सकते हैं। मामले में अंकों की बाजीगरी की तह तक पहुंचने की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो सरकार और लोग स्वत: कौशल विकास को प्राथमिकता देंगे।

# जननी-एआई की कहानी में रोबोट की तरह एक्ट करना चैलेंजिंग था: आशिका भाटिया

टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया जननी-एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।

शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी।

आशिका ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी।



उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया।

जननी- एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है।

एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी- एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था। वह परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नजऱ आईं।

इसके अलावा, उन्होंने २०15 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया।

आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# रोजाना खाली पेट कच्चा लहसुन खाने से मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ



खाने में तो लहसुन का स्वाद कई लोग पसंद करते हैं, लेकिन कच्चे लहसुन की सुगंध से ही नाक-मुंह सिकोड़ने लगते हैं।हालांकि, अगर आप रोजाना खाली पेट कच्चे लहसुन की 1-2 कली खाते हैं तो इससे फाइबर, मैंगनीज, विटामिन-सी, सेलेनियम, कैल्शियम, कॉपर, फास्फोरस, आयरन विटामिन-बी1, विटामिन-बी6 और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व मिल सकते हैं।ये पोषक तत्व कई स्वास्थ्य स्थितियों का प्राकृतिक उपचार करने समेत कई लाभ प्रदान कर सकते हैं।

अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट महज एक लहसुन की कली खाते हैं तो इससे शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (हानिकारक कोलेस्ट्रॉल) के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है।साथ ही इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट में कार्डियोडिप्रेसेंट (ब्लड प्रेशर को कम करने वाला) और वैसोडिलेटर (हृदय की धमनियों में रूकावट को दूर करने वाला) प्रभाव मौजूद होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

खाली पेट कच्चे लहसुन का सेवन करने से शरीर को संक्रमण और बीमारियों से सुरक्षित रखने वाली प्राकृतिक क्षमता यानी इम्यूनिटी को भी मजबूती मिल सकती है।इसका कारण है कि कच्चा लहसुन एंटी-ऑक्सीडेंट्स और सल्फर युक्त होता है और ये यौगिक मुक्त कणों से लड़कर ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में भी कारगर हो सकते हैं।यहां जानिए इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाले अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ।

कच्चे लहसुन की एक कली खाने मात्र से शरीर से अतिरिक्त चर्बी को दूर करने में मदद मिल सकती है।इसमें फाइबर के साथ-साथ एंटी-ओबेसिटी गुण मौजूद होते हैं, जो अनहेल्दी खाने की लालसा को कम करके वजन घटाने में सहयोग प्रदान कर सकता है।इसके अलावा इनका सेवन शरीर में गर्मी भी पैदा करता है, जिससे फैट बर्न करने में मदद मिलती है। साथ ही यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में भी प्रभावी माना जाता है।

पेट में एसिड का उच्च स्तर, अधिक तनाव और धूम्रपान आदि के कारण पेट में अल्सर हो सकता है।कच्चे लहसुन में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी पेट में अल्सर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।अध्ययनों के अनुसार, यह पेट की सूजन को कम करने और पेट के कई संक्रमणों को खत्म करने में सहायक है।यह शराब और दर्द निवारक के अति प्रयोग से होने वाले पेट के नुकसान को भी कम कर सकता है।

कैंसर से सुरक्षित रखने में है प्रभावी

कच्चे लहसुन में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर की स्वस्थ और सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना माइटोकॉन्ड्रिया पर हमला करके ४० से अधिक प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकते हैं।एंटी-ऑक्सीडेंट कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है और शरीर को कई तरह के कैंसर से सुरक्षित रख सकता है।इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट लहसुन की एक कली का सेवन जरूर करें। (आरएनएस)

# शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर ठगे साढे नौ लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। शेयर मार्केट में पैसा लगाने का झांसा देकर साढे नौ लाख रूपये की ठगी करने पर पति पत्नी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम विहार केदारपुरम निवासी संदीप यादव ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी हरिद्वार बाईपास रोड में वर्कशॉप है। उसकी वर्कशॉप पर अभिषेक सैनी नाम का एक व्यक्ति अपनी गाडी की रिपेरिंग हेतु आना जाना लगा रहता था इससे उसकी व अभिषेक सैनी की अच्छी जान पहचान हो गयी थी। अभिषेक सैनी द्वारा उससे शेयर मार्केट में पैसा लगाने को कहा गया उसके द्वारा कहा गया कि उसे शेयर मार्केट का ज्ञान नही और ना ही वह शेयर मार्केट में पैसा लगाने का इच्छुक है। तब अभिषेक सैनी द्वारा उसको अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फंसाकर कहा गया कि उसको कुछ करने की जरुरत नही है वह उसके खाते में पैसे डालते रहो तथा वह शेयर मार्केट में लगा देगा जब भी उसको पैसो की जरुरत पडेगी उसको बता देना वह उसके पैसे उसको वापस दे देगा। अभिषेक की इन बातो पर विश्वास करते हुये अभिषेक सैनी के खाते में उसके द्वारा भिन्न भिन्न तिथियों पर एनएफटी द्वारा ऑन लाईन कुल 9 लाख 67 हजार रूपये की रकम उसके द्वारा ट्रांसफर कर दी। उसको इस बात का विश्वास था कि शेयर मार्केट से उसको कुछ मुनाफा हो जायेगा जिससे उसकी आर्थिक स्थिति ठीक हो जायेगी। परन्तु काफी समय से शेयर मार्केट के नाम से अभिषेक सैनी द्वारा उक्त रकम ली गयी थी। उसके द्वारा अभिषेक सैनी से पूछा गया कि शेयर मार्केट में जो उसने उसके पैसे लगाये हैं उनकी क्या स्थिति है तब अभिषेक सैनी आजकल आजकल करते हुये टालमटोल करते हुये कहता रहा है कि अभी शेयर मार्केट डाउन चल रहा है अभी आपके पैसे लौटाने से आपको नुकसान हो जायेगा। इस क्रम में उसके पैसे लगे हुये काफी समय हो गया तो तब उसको अभिषेक सैनी की नियत पर शक हुआ तब उसने अभिषेक सैनी को नुकसान होने पर अपने पैसे मांगे तो अभिषेक सैनी द्वारा उसके साथ गाली गलौच, व जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके द्वारा अभिषेक सैनी से पूछा गया कि उसके पैसे उसने कौन से शेयर मार्केट में लगाये है उसे बताओ। कोई भी शेयर मार्केट से सम्बन्धित दस्तावेज उसको नही दिखाये गये तथा उसको पता चला कि अभिषेक सैनी ने उसके पैसे किसी भी शेयर मार्केट में नही लगाये गये। अभिषेक सैनी और उसकी पत्नी निधि श्रीवास्तव द्वारा धोखाधडी करते हुये षडयन्त्र के तहत उसके मेहनत के पैसे हडप लिये गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने फूंका एनटीई का पुतला

संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर कार्यकर्ताओं ने लैंसडाउन चौक पर प्रदर्शन कर एनटीई का पुतला दहन कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की। आज यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी महानगर देहरादून के कार्यकर्ताओं ने लैंसडाउन चौक पर एनटीई राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुतला दहन कर सीबीआई जाँच की माँग कर प्रदर्शन किया। अभाविप उत्तराखण्ड के डॉ



ममता सिंह सभी ज्ञात है कि अनियमितता के चलते यूजीसी नेट परीक्षा को रद्द किया गया। इस वर्ष पीएचडी के प्रवेश भी यूजीसी नेट के स्कोर के आधार पर होने है इस कारण अभ्यर्थियों में अचानक असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नीट युजी के परीक्षा में अनियमिता के बाद अब युजीसी नीट की परीक्षा का रद्द होना था। एनटीए जैसी सरकारी संस्था के ऊपर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है, यह स्थिति किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। शिक्षा मंत्रालय एवं संबंधित एजेंसियों से इस संबंध में स्थिति की त्वरित रूप से स्पष्ट करने एवं एनटीए की सुचिता के संदर्भ में। एबीवीपी सरकार से सीबीआई जांच की मांग करती है। जिसमें विभाग संगठन मंत्री नागेंद्र बिष्ट, प्रांत जनजातीय कार्य प्रमुख सागर तोमर, प्रांत मीडिया संयोजक यशवंत पवाँर, प्रांत कला मंच संयोजक कंचन पॉवर, दिव्यांशु नेगी, प्रांत सोशल मीडिया संयोजक हन्नी सिसोदिया, प्रांत जनजातीय सह संयोजक नितिन चौहान, अरमान डोभाल, अक्षि मल्ल, आकाश कुमार, शिवानी रावत, वंशिका, रितिक नौटियाल, ऋषभ मल्होत्रा, अभिषेक कुंदन, अमन जोशी, नीलांश, आदि उपस्थित रहें।

## भण्डारी की धोखेबाजी का जनता वोट... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

कहा काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है जनता जान चुकी है कि भंडारी धोखेबाज हैं और अपने वोट से इसका करारा जवाब उन्हें देगी। उधर भंडारी का कहना है कि विपक्ष में रह कर वह अपने क्षेत्र की जनता की कोई सेवा नहीं कर पा रहे थें बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास हो सके इसलिए ही वह सत्ता के साथ गए। यह सभी जानते हैं कि सत्ता के साथ रहकर ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 14 लाख रूपये की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी मामले में फरार चले रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पूर्व में ही एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 2 अगस्त को सत्यपाल निवासी ग्राम नन्हेडा अनन्तपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि आरोपी यशपाल आर्य पुत्र अज्ञात निवासी गोलापार जलाबाग हल्दानी जनपद नैनीताल व विशाल सिद्दू पुत्र महेन्द्र निवासी 18 सदर बाजार कैन्ट अमृतसर पंजाब ने उनकी पुत्री व पुत्र शिवम को फूड कॉर्पोरेशन आफ इण्डिया में नौकरी लगाने के नाम पर चौदह लाख तीन हजार रूपये लिये गये है तथा उन्हे नौकरी हेतु कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर दिया गया है। बताया कि पैसे वापस मांगने पर वह लोग उन्हे जान से मारने की धमकी दे रहे है। मामले में पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक आरोपी यशपाल आर्य को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में दूसरा फरार आरोपी विशाल उर्फ सिद्धू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी 18 सदर बाजार कैंट अमृतसर हाल पता गली न0 4 न्यू पाल एवेन्यू कॉलोनी कोतवाली छिमाटा अमृतसर पंजाब अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार किए जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा आरोपी को कल देर रात अमृतसर पंजाब से धर दबोचा गया है।

# नीट परीक्षा में धांधली पर परिषद ने चिन्ता प्रकट की

संवाददाता

देहरादून। नीट परीक्षा में धांधली होने पर आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने चिन्ता प्रकट की। आज यहां उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओ ने नीट परीक्षा में हुई धांधली पर गहरी चिन्ता प्रकट की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस धांधली से कई युवकों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। परिषद ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि वह इस धांधली में लिप्त दोषियों को कडी से कडी सजा दिलाये ताकि कोई अन्य व्यक्ति इस प्रकार का दुस्साहस न कर सके तथा पीडित छात्रों को न्याय मिल सके।




# पुलिस का सत्यापन अभियान, 52 संदिग्ध व्यक्तियों को लिया हिरासत में



देहरादून (सं)। पुलिस ने सत्यापन अभियान के दौरान 52 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां पूछताछ जारी है। आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्लेमनटाउन क्षेत्रान्तर्गत बाहरी व्यक्तियों / किरायेदारों का बृहद स्तर पर अलग अलग टीमों का गठन कर सत्यापन अभियान चलाया गया, थाना क्षेत्र में 03 टीमें बनाकर थाना क्षेत्रांतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड, गुरुद्वारा कॉलोनी, टर्नर रोड आदि में निवासरत बाहरी व्यक्तियों एवं किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान क्षेत्र में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों व संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा उक्त कार्यवाही में मकान मालिकों के विरुद्ध किरायेदारों का सत्यापन न कराने के सम्बन्ध में 83 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 30 चालान धनराशि 3 लाख रूपये का जुर्माना न्यायालय तथा 52 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना में लाकर उनसे पूछताछ कर सत्यापन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

# 15 लाख की ठगी करने पर सोनू भारद्वाज सहित तीन के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर 15 लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सोनू भारद्वाज सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमन नगर धर्मपुर निवासी प्रियंका कण्डवाल ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी व उसके के पति की जान-पहचान पूर्व में यशपाल चौधरी, निवासी दून विहार अपार्टमेन्ट राजपुर रोड, व राजेन्द्र रावत उर्फ राजू रावत, निवासी-गढ़वाली कालोनी, 6 नम्बर पुलिया, नत्थनपुर, से थी। लगभग दो वर्ष पूर्व पूर्व यशपाल चौधरी व राजेन्द्र रावत उर्फ राजू रावत उससे मिले और उससे कहा गया कि वह मौजा सनगांव, परगना परवादून, तहसील डोईवाला में भूमि के स्वामी देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू व श्रीमती सोनिया पत्नी देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू, निवासीा 6 नम्बर पुलिया, नत्थनुपर, देहरादून से उनकी भूमि कय कर रहे है और उनके पास 15 लाख रूपये की कमी पड़ रही है और उससे कहा गया कि जो भूमि उनके द्वारा क्रय की जा रही है उसमें वह प्लाटिंग कार्य करेगें और उससे प्राप्त की गयी धनराशि की दोगुनी धनराशि उसको अदा करेगें और पूर्ण आश्वासन व विश्वास दिलाया गया कि धनराशि प्राप्त किये जाने के दिन से दो माह के अन्दर मय प्रोफिट सहित उसको धनराशि वापिस अदा करेगें और उसको यह भी कहा गया कि वह चाहे तो भूमि के स्वामी देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू, उनकी पत्नी सोनिया पत्नी देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू के बैंक खाते में धनराशि डाल दें और उसकी बातचीत देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू व श्रीमती सोनिया पत्नी देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू, से करायी गयी और देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू द्वारा उससे बातचीत की गयी और उसको कहा गया कि उनके और उनकी पत्नी द्वारा अपनी मौजा सनगांव, परगना परवादून, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून की भूमि यशपाल चौधरी व राजेन्द्र रावत उर्फ राजू रावत को विक्रय की जा रही है वह धनराशि उनके खाते में ट्रांसफर कर सकती है।

उसके द्वारा यशपाल चौधरी व राजेन्द्र रावत उर्फ राजू रावत के साथ अच्छी जान-पहचान होने के चलते और उनके कहे अनुसार 10 लाख रूपये की राशि देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू को आरटीजीएस के माध्यम से अदा की गयी और 5 लाख रूपये की राशि नगद यशपाल चौधरी व राजेन्द्र रावत उर्फ राजू रावत को अदा की गयी। किन्तु उपरोक्त लोगों द्वारा समय पर उसको धनराशि अदा नहीं की गयी और आजकल आजकल कहकर टाला जाता रहा। उसके द्वारा देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू से अपनी धनराशि मांगी गयी तो देवेन्द्र भारद्वाज उर्फ सोनू द्वारा उसको व उसके पति को धमकी दी गयी कि जैसे उसने जीतू दाई के होश ठिकाने लगवाये है वैसे ही उसके और उसके पति के लगा दिये जायेगें और कहा गया कि उसका बहुत बड़ा गैंग है और उसके हाथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्यों तक फैले हुये है रूपयों की कोई बात मत करना यदि दोबारा कोई रूपयों की बात की तो पूरे परिवार को रातो-रात मौत के घाट उतार दिया जायेगा या गायब करा दिया जायेगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर



# अंग्रेजी शराब की दुकान खुलने पर ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग में राना गांव के पास अंग्रेजी शराब की दुकान खुलने पर राना गांव के ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन नशे के खिलाफ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। ताकि नशे पर अंकुश लगे तो वहीं पवित्र धर्मिक स्थल के नजदीक शराब की दुकान खोल दी गयी जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पास यमुनोत्री धाम से कुछ किलोमीटर की दूरी पर राना गांव में शराब की दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय महिलाओं तथा ग्रामीणों ने गांव के मंदिर परिसर में धरना प्रदर्शन किया तथा आबकारी विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुये शराब की दुकान बंद करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यमुनोत्री धाम जैसे पवित्र धर्मिक स्थल के नजदीक शराब की दुकान खोलना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसका ग्रामीण विरोध करते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र राना गांव से शराब की दुकान को नहीं हटाया गया तो क्षेत्र के लोग यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करेंगे तथा शराब की दुकान में तोड़फोड़ भी की जाएगी। उग्र आंदोलन किया जाएगा ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल यहां से शराब की दुकान हटाने की मांग की है।

**❑दुकान बंद न होने पर यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने की चेतावनी**

# युवती को अश्लील फोटो भेजकर ब्लैकमेल करने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। युवती की व्हटसएप पर अश्लील फोटो डालकर उसको ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्दा की चौकी निवासी युवती ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज उसको उसके व्हट्सएप्प मोबाईल नम्बर पर एक अंजान मोबाईल नम्बर से व्हटसएप संदेश प्राप्त हो रहे है, जिन पर उसके चहेरे का प्रयोग कर अश्लील फोटो के साथ मार्क कर उसको आपत्ति जनक व डराते धमकाते हुए उसको अश्लील व गंदे मैसेज प्राप्त हो रहें है। अज्ञात द्वारा उसकी फोटो को मार्क कर न्यूट फोटो बनाकर उसको भेजकर उसके भाई से पैसा डलवाने के लिए कहते हुए उसको ब्लैकमेल किया जा रहा है। अज्ञात द्वारा उसकी फोटो को वायरल करने की धमकी दी जा रही है और पैसों की माँग की जा रही है। इस कारण से उसको और उसके परिवार को मानसिक परेशानी व उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगे साढे छह लाख रुपये

देहरादून (सं)। इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर साढे छह लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यनगर निवासी रंजन कुमार शाह ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 01 मई 2024 उसकी फेसबुक पर एक पोस्ट मिला जिसमे 300 प्रतिशत लाभ कि बात बताई गयी। लिंक में क्लीक करने के बाद एक लड़की का मैसेज आया जिसका नाम ज्योति बताया गया जो अपने आप को एबीसी ग्लोबल इंन्वेस्टमेंट का कर्मचारी बताया। उनके द्वारा ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने का लिंक भेजा गया। क्लास कराने वाला अपना नाम आनंद सिंह बताता है जिसका जिसने अपने आप को कम्पनी का मालिक बताया जिसके बाद उसने उनके कहने पर कम्पनी में पैसे इन्वेस्ट किये और समय-समय पर लगभग 6 लाख 31 हजार 596 रूपये इन्वेस्ट कर दिये। जिसके बाद उसने छप्पन हजार तीन सौ चार रूपये का निकासी किया उसके बाद रूपये निकलने का कोशिश किया लेकिन पैसा नहीं निकला। उसने उनके कर्मचरियों से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बोला और पैसे डालने के बाद ही पैसे निकल सकता है तब उसको उनके ऊपर शक हुआ कि वे लोग उसके साथ धोखा कर रहे है बाद में उसको पाता चाल कि ये लोग कम्पनी के कर्मचारी बनकर बड़े इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखा कर रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सावधानः 24 से 30 जून तक राज्य में भयंकर बारिश का अलर्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में मानसून आगमन से पूर्व ही भारी से भारी बारिश का कहर झेलना पड़ सकता है। भीषण गर्मी से झुलस्ते और सुलगते जंगलों में उठती लाल लपटों से तीन दिन पूर्व हुई बारिश के कारण भले ही राहत मिल चुकी हो लेकिन यह राहत अब बड़ी आफत बनने वाली है। मौसम विभाग द्वारा राज्य में 24 से 30 जून तक तेज हवाओं के साथ भारी से भी भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान से शासन-प्रशासन भी हैरान परेशान है क्योंकि मानसूनी आपदा और समस्याओं से निपटने की जो पूर्व तैयारी की जानी थी वह अभी तक नहीं की जा सकी है। भले ही इसके दिशा निर्देश देने और दावे करने के काम में कोई कमी नहीं है। काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा का कहना है कि वह चार धाम यात्रा को लेकर सभी मानसूनी तैयारी कर चुके हैं। लेकिन चार धाम यात्रा तो दूर अभी नगर क्षेत्रों में नालों खांलो और जल निकासी तक का पुख्ता इंतजाम नहीं किया जा सका है।



उधर मौसम विभाग की चेतावनी के बाद कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने सभी जिला अधिकारियों को सतर्क करते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने को तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने सभी स्लाइडिंग जोंन पर जेसीबी तैनात करने तथा राशन आदि की पुख्ता व्यवस्था रखने के आदेश देते हुए कहा गया है कि आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों को पहले से अलग-अलग आपदा संभावित क्षेत्रों में तैनात कर दिया जाए जिससे आपदा के समय उनका रिस्पांस टाइम कम से कम रहे।

**❑कुमाऊं कमिश्नर ने सभी जिला अधिकारियों को किया सतर्क**
**❑भूस्खलन और बाढ़ से निपटने को रहे तैयार**
**❑चारधाम यात्रियों को खास एहतियात की जरुरत**

उनका कहना है कि अत्यधिक बारिश के कारण सड़कों के बहने तथा भूस्खलन के कारण बंद होने की घटनाएं बढ़ सकती हैं तथा नदी नाले और खालो का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। उन्होंने चार धाम यात्रियों को जारी गाइडलाइन के अनुसार ही यात्रा करने को कहा है। खराब मौसम में यात्रा करने का जोखिम कतई नहीं लिया जाना चाहिए। राज्य के मैदानी भागों में बाढ़ जैसे हालात भी पैदा हो सकते हैं।

# लिव-इन में रह रही अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल के रुकुट कम्पाउंड क्षेत्र से पुलिस को एक महिला की घर के अंदर मौत होने की सूचना दी गई। मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस क्षेत्र में पहुंची तो घर में ताला लगा हुआ था। जब पुलिस ने घर का ताला खुलवाया तो महिला जमीन पर लगे गद्दे के ऊपर मूर्छित अवस्था में पड़ी मिली। जांच करने पर महिला के चेहरे व सिर में चोट के निशान भी दिखाई दिए। साथ ही महिला का पेट भी फूला नजर आ रहा था। जिस पर उसे चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतका अनीता (49) का मायका ग्वालदम व ससुराल वीरभट्टी नैनीताल में है।

महिला अपने पति व बेटे से अलग यहां तीन सालों से एक व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। महिला के साथ रह रहे व्यक्ति ने बताया कि महिला बीते कई दिनों से बीमार चल रही थी। बीते दिनों बीडी पांडे जिला अस्पताल से उसको सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया था जिसके लिए वह पैसे का इंतजाम कर रहा था। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला के परिजनों से बात की तो उन्होंने वहां आने से मना कर दिया। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# चाय वाले की हत्या कर कबाड़ी फरार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मामुली विवाद के चलते कबाड़ बीनने वाले एक युवक ने कांच की बोतल तोड़कर चायवाले की हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद मौके से कबाड़ी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्यारे कबाड़ी की तलाश शुरू कर दी है।




हत्या की यह वारदात आज सुबह उत्तरी हरिद्वार के भारत माता मन्दिर रोड पर घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह साढ़े पांच बजे कुछ राहगीरों ने उत्तरी हरिद्वार में भारत माता मंदिर रोड़ पर एक व्यक्ति को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देख उसकी सूचना 108 एम्बूलेंस को दी गयी। 108 टीम ने उक्त व्यक्ति को मृत पाकर इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा व अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक का नाम रमेश गुप्ता निवासी लखीमपुर खीरी है। जो चाय की चलती फिरती रेडी चलाने का काम करता था। बताया कि अल सुबह कबाड़ बीनने वाले युवक के साथ उसका झगड़ा हो गया था। आरोपी ने कांच की बोतल से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलुहान हो गया। ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मृतक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है जबकि एक टीम आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

# युवती की इस्टाग्राम में फेक आईडी बनाने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। इस्टाग्राम में युवती की फेक आईडी बनाकर अश्लील फोटो डालने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन नगर निवासी युवती ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि इंस्टाग्राम में उसके नाम से फेक अकाउट बनाया गया है। जिसमे उसकी बिना अनुमति के उसकी फोटो, विडियो अपलोड की जा रही है तथा फ्रोफाइल पिक्चर मे भी उसकी ही फोटो लगाई जा रही है। इससे उसके दोस्तो परिवार जनो को लग रहा है कि यह वह ही है। इस आइडी से स्टोरी में बहुत ही अश्लील फोटो विडियो अपलोड की जा रही है। जिससे वह बहुत परेशान है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*